## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ में 70 लाख महिलाओं को 7 को पीएम मोदी बांटेंगे महतारी वंदन योजना के तहत 700 करोड़

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की पात्र 70 लाख महिलाओं को पीएम नरेंद्र मोदी अपने हाथों से योजना की पहली किस्त जारी करेंगे। इसके लिए बालोद में बड़े आयोजन की तैयारी है। अभी पीएम मोदी का कार्यक्रम फाइनल नहीं हुआ है लेकिन यह तय है कि मोदी अगर छत्तीसगढ़ नहीं आ पाएंगे तो ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### बदमाशों ने स्टेट बैंक में लगाई आग, पुलिस जांच में जुटी

**जशपुर (आरएनएस)।** पत्थलगांव स्टेट बैंक में चोरी का प्रयास विफल हो जाने के बाद बदमाशों ने वहां आग लगा दी। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम और अन्य लोगों ने जब यहां आग की लपटें और धुंआ उठता देखा, तो इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। इससे समय रहते फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। बता दें कि इस बैंक में पहले भी सेंधमारी कर लाखों रुपये चोरी होने की घटना हो चुकी है। उप पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप ने बताया कि रविवार तडक़े पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को बैंक के अंदर से आग की लपटें और धुंआ उठता दिखाई दिया था। जिसके बाद तत्काल दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। एएसपी ने बताया कि बदमाशों ने फिर से सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया है, लेकिन नगद रकम ले जा पाने में विफलता की बात सामने आ रही है। पुलिस ने बैंक अधिकारियों के साथ जांच शुरू कर दी है। जिसमें चौकीदार की अनुपस्थिति की बात भी सामने आई है।

### वन विभाग की लापरवाही बनी काल, युवक को हाथी ने रौंदा, सवालों के घेरे में वन अमला

**सरगुजा (आरएनएस)।** जिले में लुंड्रा वन परिक्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही सामने आई है. जहां दंतैल हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हडक़ंप मच गया है. वहीं लोगों में काफी गुस्सा भी देखने को मिल रहा है. बता दें कि पूरा मामला लुंड्रा वन परिक्षेत्र के झेराडीह का है. जहां पिता-पुत्र गेंहू के खेत में सिंचाई कर वापस आ रहे थे. इसी दौरान हादसा हुआ है. वहीं घटना की सूचना पर वनकर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. पुलिस टीम की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से शव को उसके घर लाया गया. जानकारी के अनुसार, घटना के बाद वन विभाग मुआवजे देने की बात कह रहा है. घटना के बाद लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं कि आए दिन हो रहे हादसों के बाद भी वन विभाग इस पर रोक लगाने के लिए क्या कर रहा है.

### चरित्र शंका के चलते पति ने किया पत्नी का हत्या और उसके बाद खुद भी मौत को गले लगाया

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहाँ चरित्र शंका के चलते पति ने पत्नी को हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना के बाद से ही इलाके में हडक़ंप मच गया है. इस घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. यह मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, कबीर नगर थाना अंतर्गत सोन डोगरी निवासी फल व्यापारी ने अपनी बीवी की हत्या कर दी. इसके बाद वह खुद फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर लिया. यह घटना शनिवार रात की बताई जा रही है. इस खौफनाक वारदात की जानकारी घर वालों को सुबह लगी। प्राथमिक जांच के अनुसार पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था. इसलिए उसने पत्नी की हत्या कर दी और खुद को भी मौत को गले लगा लिया. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दी है. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राजिम कुंभ कल्प मेला में रविवार को उमड़ा जनसैलाब

**❒ गाड़ियों की लगी लंबी कतारे, राजिम मेला के चारों तरफ दिखी भीड़ ही भीड़**





**राजिम (आरएनएस)।** माघ पूर्णिमा 24 फरवरी से शुरू हुए राजिम कुंभ कल्प मेला के 9वें दिन रविवार को भारी भीड़ रही। रविवार अवकाश होने कारण दर्शक एवं श्रद्धालुगण मेला का आनंद लेने राजिम पहुंचे। राजिम कुंभ कल्प में देखते ही देखते जनसैलाब उमड़ गया। हर तरफ भीड़ देखी जा रही थी। चाहे वह मीना बाजार, मंदिर, संगम नदी हो या फिर महोत्सव मंच। सांस्कृतिक कार्य को देखने के लिए तो दर्शक टूट पड़े थे। जानकारी के मुताबिक यह भीड़ प्रतिदिन महाशिवरात्रि तक बढ़ती ही जायेगी।

**मंदिरों में दर्शन के लिए लगी रही कतार-** त्रिवेणी संगम बीच स्थित कुलेश्वर महादेव तथा भगवान राजीव लोचन मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को लाइन लगाकर भगवान के दर्शन करने पड़े। प्रत्येक श्रद्धालुओं को दर्शन करने कम से कम आधे घंटे का इंजतार करना पड़ा।

**पहुंच रहें देश भर से श्रध्दालु-** राजिम कुंभ कल्प की पहचान सिर्फ छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है बल्कि देश-विदेश में इनकी ख्याति आज भी बरकरार है। मेला देखने आये बिलासपुर के राधेश्याम और उसके दोस्तों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के राजिम कुंभ आकर हमें बहुत आनंद आया। हम प्रतिवर्ष राजिम पहुंचकर मेला का आनंद लेते हैं। इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन राजिम कुंभ का दर्जा देकर छत्तीसगढ़ के वैभव को पुन: लौटाया है। इस बार मेले में कई प्रकार के नयापन देखने को मिल रहा है। जगह-जगह भगवान श्रीराम कटआउट देखकर मेला का माहौल राममय नजर आ रहा है। दुर्ग जिले से पहुंचे लक्ष्मीन बाई, तुलसी, दलौरिन बाई ने बताया कि रविवार को मेला में बहुत ज्यादा भीड़ है। मेला में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अच्छी व्यवस्थाएं की गई है।

**मीना बाजार हुआ गुलजार-** मीना बाजार मेलार्थियों से गुलजार रहा। सुबह 11 बजे से लोगों के आने जाने का क्रम शुरू हुआ। अपरान्ह 2 बजे तक अच्छी खासी भीड़ देखी गयी। शाम तक तो धक्का खाने की स्थिति निर्मित हो गयी थी। चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस के जवान ने व्यवस्था संभाली। मौत का कुंआ में दिखाए जाने वाले करतब दर्शकों को हैरत में डाल देती है। रेंजर झुला, आकाश झुला, डिस्को झुला, टोरा-टोरा, ड्रैगन झुला के साथ मिठाई दुकानें, क्राफ्ट की दुकान, वाद्ययंत्र की दुकाने आदि पर भीड़ बनी रहीं।

**गाडिय़ों का रूट बदला-** भीड़ को देखते हुए गाडिय़ों का रूट बदला गया है। इस बार पार्किंग के लिए राजिम पहुंचने वाले प्रत्येक सडक़ों पर व्यवस्था की गयी है। राजिम पुल के बीच में बैरीकेट्स लगाकर आने जाने के लिए डिवाइड किया गया है। बड़े गाडिय़ों को बाहर से होकर निकाली जा रही थी। यात्री गाडिय़ां में भी खचाखच भीड़ रही। रायपुर, महासमुन्द, गरियाबंद, धमतरी से राजिम आने वाले बसे ठसाठस रहीं। राजिम पहुंचने वाले सभी मार्गों में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। नवापारा बस स्टैण्ड से लेकर चंपारण चौंक, मैडम चौक, राजिम पुल, पं. श्यामाचंरण शुक्ला चौक, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, सुभाष चौक, महासमुंद मार्ग पर शिवाजी चौक, श्रीराम चौक, मंडी चौक, गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोवर्धन चौक, महामाया चौक, राजिम भक्तिन माता चौक, चौबेबांधा तिराहा आदि पर ऐसी भीड़ी पहली बार देखी गई। पांच मिनट के रास्ते ने एक घंटे से भी ज्यादा समय लगा। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को खूब मशक्कत करनी पड़ी।

# नवा रायपुर के शान्ति शिखर में मनाया गया 88 वीं महाशिवरात्रि महोत्सव

**❒ ब्रह्माकुमारी संस्थान जीवन जीने की कला सिखला रहा है... प्रो. बल्देव भाई शर्मा, कुलपति**

**❒ नवा रायपुर के सेक्टर-20 में सजायी गयी है द्वादश ज्योतिर्लिंग की झाँकी**



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वल्ड-शान्ति शिखर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय प्रो. बलदेव भाई शर्मा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय प्रो. बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि शान्ति शिखर भवन में आयोजित प्रदर्शनी मनुष्यता के सही अर्थ को परिभाषित कर सुख, शान्ति और सौहाद्र्र का पथ प्रदर्शित करता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा जीवन को जीने की कला को जिस सहजता और सरलता से सिखाया जाता है वह सराहनीय है। वास्तव में इसी से वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का साकार होगी। गृह सचिव अरूण देव गौतम ने कहा कि यहाँ आकर द्वादश ज्योतिर्लिंग का एक जगह दर्शन करने का सौभाग्य मिला। यह झाँकी बहुत ही सुन्दर एवं रोचक होने के कारण सभी के लिए दर्शनीय है। खासकर आज के दिशाहीन युवाओं और बच्चों के लिए उपयोगी है। यहाँ पर लगाई गई प्रदर्शनी से जीवन की अनेक समस्याओं का अध्यात्म के द्वारा समाधान करने की प्रेरणा मिलती है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह ने कहा कि यहाँ आकर असीम शान्ति की अनुभूति हुई। उन्होंने इस सुन्दर आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से शिव भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। रायपुर सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि त्यौहार परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का यादगार है। जब इस धरा पर चारों ओर अज्ञान अन्धकार छाया होता है तथा मनुष्यात्माएं काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकार रूपी विकारों के वशीभूत हो जाती हैं तब ऐसे अतिधर्मग्लानि के समय पर मनुष्यों को निर्विकारी और पवित्र बनाने के लिए परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण इस धरा पर होता है।

# पखांजूर में पुलिस-नक्सल मुठभेड़ : मौके से नक्सली के शव के साथ एके-47 बरामद

**❒ -इलाके की सर्चिंग जारी**



**कांकेर-रायपुर (आरएनएस)।** उत्तर बस्तर कांकेर के पखांजूर में नक्सलियों और पुलिस पार्टी के बीच भीषण मुठभेड़ की खबर हैं। इस एनकाउंटर में एक नक्सली के मारे जानें की खबर हैं।

बस्तर में नक्सलियों की कायराना हरकतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार गोलीबारी और पुलिस को नुकसान पहुंचाने की नियत रखने वाले नक्सलियों ने एक बार फिर से पुलिस पार्टी को निशाने पर लिया हैं। जानकारी के मुताबिक माओवादियों की तरफ से हुई गोलीबारी में एक पुलिस का जवान भी शहीद हुआ हैं। वही तीन अन्य जवान घायल हुए हैं। मुठभेड़ के बाद पुलिस को सर्चिंग में एके-47 राइफल और ढेर हुए नक्सली का शव बरामद हुआ हैं। बहरहाल पुलिस ने इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर दी हैं।

# कैंप एक में पकड़ाया पीडीएस चावल



**भिलाई नगर-रायपुर (आरएनएस)।** औद्योगिक क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में गुरूद्वारा के पास लगभग 25 बोरियों में पीडीएस चावल लेकर जा रहे लोगों को भाजपा कार्यकर्ता अवतार सिंह गिल और रोहित यादव ने रोक कर थाना ले गए थे। आज एक बार फिर से कैम्प-1 संग्राम चौक में पीडीएस चावल की बोरियां पकडाई है।

पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि यह चावल पीडीएस का है जिसे किसी राहुल गुप्ता उर्फ निक्की के कहने पर गाडिय़ों में भर कर बोरियां बदलने ले जाया जा रहा था। इसी दौरान भाजपा के कार्यकर्ता अवतार सिंह गिल और रोहित यादव की नजर पड़ी और उन्होंने संग्राम चौक के पास एक घर के भीतर चावल की लगभग 30 बोरियां देख पुलिस को खबर की। बोरियों को लादने खड़े वाहन को भी रोक लिया गया है। खाद्य विभाग को सूचना दे चावल वैशाली नगर थाना ले जाया गया है। विधायक रिकेश सेन ने साफ निर्देश दिए हैं कि वैशाली नगर विधानसभा में कोई भी अवैध काम नहीं होगा। गरीबों का चावल कांग्रेस शासनकाल में इसी तरह दलालों की चांदी बन रहा था। चावल माफिया गरीबों का हक मार लाखों की चांदी काट रहे थे, अब ऐसे लोगों पर भाजपा कार्यकर्ता पूरी नजर रख रहे हैं।

# तीन फीट ऊंचे दुल्हे को मिली ढाई फीट ऊंची दुल्हन

**❒ सामूहिक विवाह में रहे विजय व दुर्गा आकर्षण के केंद्र**



**कोरबा (आरएनएस)।** सर्वमंगला मंदिर समिति के तत्वावधान में शनिवार को 31 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस विवाह में तीन फीट के दूल्हे विजय मरावी की शादी ढाई फीट ऊंची दुल्हन दुर्गा के साथ हुई। विवाह आयोजन के दौरान दोनों की जोड़ी का आकर्षण का केंद्र रही।

जनजातीय समाज से आने वाले विजय मरावी पाली विकासखंड के ग्राम दर्राभाठा गांव के निवासी हैं। उनका शारीरिक विकास कई कारणों से नहीं हो पाया और ऊंचाई तीन फीट से ज्यादा बढ़ नहीं सकी। विजय के स्वजन उसके लिए ऐसे ही जीवन साथी की तलाश कर रहे थे। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था।

विजय मरावी टेलरिंग से जुड़े हैं। संयोग से नजदीकी गांव में रहने वाली दुर्गा विजय के समाज से ही थी। दुर्गा की ऊंचाई भी बहुत ज्यादा नहीं थी। इसके बाद इंटरनेट मीडिया के जरिए दोनों एक-दूसरे से जुड़े और बातचीत शुरू हुई। हाल में ही इन दोनों की मुलाकात आमने-सामने हुई। इसके बाद विवाह की बातचीत हुई और रिश्ता पक्का हो गया। दुर्गा मरावी ने हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई की है, जबकि उसके पति विजय मरावी की शिक्षा हाई स्कूल की है। दोनों ने आगे शिक्षा प्राप्त करने को लेकर रुचि दिखाई है।

दुर्गा ने बताया कि विजय मरावी से फेसबुक के जरिए पहले दोस्ती हुई और धीरे-धीरे प्यार में बदल गया। फिर दोनों ने शादी करने की सोची और परिवार में बातचीत की। इसके बाद आज इस सामूहिक विवाह में शादी किए। विजय मरावी ने बताया कि दोनों की जोड़ी को देख पूरा गांव खुश रहता है और इस शादी से सभी खुश हैं।

# टैक्स चोरी करने वालों पर लगातार जारी है कार्यवाई

**❒ दुर्ग में संचालित अवैध गुटखा फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की दबिश**

**❒ बड़ी मात्रा में गुटखा बनाने का कच्चा सामान और मिक्सर मशीन बरामद**

**❒ एक सप्ताह में जीएसटी विभाग ने कार्रवाई कर 8 करोड़ रुपए कराए जमा**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य जीएसटी के ई वे बिल जांच दल ने दिनांक 1 मार्च को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर दुर्ग जिले के चंद्रखुरी मे संचालित अघोषित गुटखा फैक्ट्री में कार्रवाई की । इससे पहले संदिग्ध वाहन चालक ने जीएसटी जांच दल को चकमा देने की पूरी कोशिश की और पहचान छिपाने के लिए पैकिंग मटेरियल को जला दिया , हालांकि जांच दल के सदस्य फिर भी गुटखा फैक्ट्री तक पंहुच ही गए ।

अवैध गुटका फैक्ट्री मे बड़ी मात्रा में प्रतिष्ठित ब्रांड गुटखा कंपनियों के रैपर तथा गुटखे का कच्चा माल, सुपारी तंबाखू आदि बरामद गया है । फैक्ट्री में अवैध गुटका बनाने में इस्तेमाल की जा रही मिक्सर मशीन भी मिली है। यह फैक्ट्री कोमल फूड्स के नाम से संचालित थी । जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसी व्यवसायी के राजनांदगाँव स्थित फैक्ट्री को भी जांच के दायरे मे लिया गया है । यहाँ भी गुटखा निर्माण करने के साक्ष्य मिले हैं।

गौरतलब है की वित्त एवं जीएसटी मंत्री ओपी चौधरी ने मोदी की गारंटी के अंतर्गत विकसित छत्तीसगढ़ बनाने और अगले पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी को 10 लाख करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। गुटखा पान मसाला और तंबाखू उत्पादों पर जीएसटी का स्लैब सर्वाधिक है। टैक्स के अतिरिक्त इन पर सैस भी लगता है , इसलिए इनमे कर चोरी की आशंका भी अधिक रहती है । स्टेट जीएसटी की टीम लगातार इस तरह के मामलों पर नज़र रख रही है ।

जीएसटी विभाग द्वारा इसी सप्ताह तीन और व्यवसायियों की जांच कर लगभग 8 करोड़ रु. टैक्स जमा करवाया गया है। इन फर्मो मे टैक्स की गड़बड़ी को आई टूल्स द्वारा फ्लेग किया गया था । इन सभी के द्वारा पिछले तीन सालों से आईटीसी क्लेम ज्यादा करते हुए टैक्स कम जमा किया जा रहा था । जांच के दौरान स्टॉक मे भी बड़ी मात्रा मे अंतर पाया गया ।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


# राज्य सरकार ने दी रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन सुविधा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू को जिला रोजगार एवं स्वरोजगर मागदर्शन अधिकारी ने विभागीय जानकारी में बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवाओं को रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण की ऑनलाइन सुविधा दी है। राज्य शासन की नई व्यवस्था के तहत वेबसाईट https://erojgar.cg.gov.in/ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपना नवीनीकरण पंजीयन करा सकते हैं। संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर ने नवीन ई-रोजगार पोर्टल प्रचलन में लाया है। वे आवेदक जो पूर्व में रोजगार कार्यालय के पुराने पोर्टल में पंजीकृत हैं उन्हें नया पंजीयन, नवीनीकरण, अतिरिक्त योग्यता दर्ज यदि करना है तो उक्त पोर्टल का प्रयोग कर सकते हैं। नए आवेदक इस पोर्टल का सीधे ही प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-रोजगार पोर्टल पर पंजीयन हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए हैं,जिसके अंतर्गत यदि आवेदक पूर्व से ही प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत है तो दोबारा नया पंजीयन न करें। यदि वह अपने पंजीयन में किसी प्रकार का अपडेट अथवा नवीनीकरण करना चाहता है तो अपना पुराना पंजीयन क्रमांक डालकर आगे बढ़े। इसी प्रकार यदि आवेदक प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पूर्व में पंजीकृत नहीं है, तो नया पंजीयन बटन पर क्लिक करें। आवेदक पोर्टल में पंजीयन हेतु अपना मोबाईल नंबर दर्ज कर मोबाईल ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। तदुपरान्त मोबाईल पर प्राप्त ओ.टी.पी. की एंट्री कर मोबाईल ओ.टी.पी. सत्यापित कर बटन पर क्लिक करें। मोबाईल ओ.टी.पी. सत्यापित होने के पश्चात् आधार नंबर एवं आधार के अनुसार अंग्रेजी में अपना नाम दर्ज करें। आधार प्रमाणीकरण हेतु सहमति देवें, जिसके पश्चात् आधार ओ.टी.पी. भेजें बटन पर क्लिक करें। आधार में दर्ज मोबाईल नंबर पर प्राप्त आधार ओ.टी.पी. की एंट्री कर आधार ओ.टी.पी. सत्यापित कर बटन पर क्लिक करें। अन्य वांछित जानकारी भरकर सुरक्षित करें' बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात् आवेदक को नया पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा एवं आवेदक के मोबाईल पर ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर लॉग इन करने हेतु यूजर आई.डी. (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर) एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। ई रोजगार पोर्टल पर लॉग-इन करने हेतु जॉब सीकर लॉग इन पर क्लिक कर मोबाईल नंबर पर प्राप्त यूजर आई.डी. (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर), पासवर्ड एवं कैप्चा कोड की एंट्री कर लॉगन इन पर क्लिक करना है। लॉग-इनके पश्चात् आवेदक को अपना डैशबोर्ड दिखाई देगा जिसमें आवेदक अपना पंजीयन पहचान-पत्र (एक्स-10) कभी भी कहीं से भी प्रिंट कर प्राप्त कर सकता है।

इस पहचान पत्र पर जिला रोजगार अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक पोर्टल पर अपना लॉग इन करके अपनी जानकारी केवल एक ही बार सुधार सकता है। जिसमें से आधार नंबर, मोबाइल नंबर, नाम एवं जन्मतिथि में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। यदि आवेदक को अपना नाम या जन्मतिथि सुधरवाना है, तो सम्बंधित जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क करना होगा।